Class - VIII
Subject - HINDI
पाठ – 2 संघर्ष (एकांकी)

<u>मौखिक</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. साइमन कमीशन कब भारत आया?

उत्तर साइमन कमीशन सन् 1928 में भारत आया।

ख. लाला लाजपत राय की मृत्यु कब व कैसे हुई थीं?

उत्तर लाला लाजपत राय की मृत्यु 17 नवम्बर 1928 को हुई थीं।
उनकी मृत्यु का कारण लाठी की वह चोट थीं जो 20 अक्तूबर 1928 को साइमन कमीशन का विरोध करने वाले जुलूस का नेतृत्व करते समय पुलिस अधिकारी सांडर्स के कारण लगी थीं। उसने उन पर खूब लाठियाँ बरसाई थीं जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

ग. अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति को उचित बताते हुए भगत सिंह ने अन्य किन क्रांतियों का उल्लेख किया है?

उत्तर अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति को उचित बताते हुए भगत सिंह ने फ्रांस की क्रांति, रूस की क्रांति और आयरलैंड की क्रांति का उल्लेख किया है।

3. लिखित

क. ब्रिटिश सरकार ने साइमन कमीशन भारत क्यों भेजा?

उत्तर ब्रिटिश सरकार ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्षरत भारतीय जनता को संतुष्ट करने और सुधारों की सलाह देने के लिए साइमन कमीशन भारत भेजा।

ख. बटुकेश्वर दत्त के अनुसार क्रांतिकारियों का उद्देश्य क्या था?

उत्तर बटुकेश्वर दत्त के अनुसार क्रांतिकारियों का उद्देश्य इंग्लैंड को उसके मीठे स्वप्नों से बमों द्वारा जगाना, वर्तमान अंग्रेज सरकार जो अन्याय और अत्याचार पर टिकी थी, उसे बदलना, गरीबों और मजदूरों का शोषण रोकना, पूँजीवाद और साम्राज्यवाद को नष्ट करना और अपने देश को स्वतंत्र कराना था।

ग. क्रांतिकारियों ने किस प्रकार के बम बनाए थे व क्यों?

उत्तर क्रांतिकारियों ने कम शक्ति के बम बनाए थे। उन्होंने ऐसे बम इसलिए बनाए थे ताकि उससे किसी प्रकार की हानि न हो।

घ. क्रांतिकारियों ने असेंबली में बम क्यों फेंका?

उत्तर असेंबली किसी भी सरकार का वह मुख्य भवन या स्थान होता है जहाँ सरकार के नीतिगत फैसले तय होते हैं। ऐसे स्थान में बम फेंकने का उद्देश्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करना था। क्रांतिकारी बहरी, अत्याचारी अंगेज सरकार के कान खोलना चाहते थे।

ङ	क्रांतिकारी किन आदर्शों से प्रेरित थे?

उत्तर	क्रांतिकारी उन महान आदर्शों से प्रेरित थे, जिन पर गुरू गोविंद सिंह, छत्रपति शिवाजी, मुस्तफा कमालपाशा, रज़ा खाँ, वाशिंगटन, गैरीबाल्डी और लेनिन चले थे।

च.	राजगुरू, सुखदेव और भगत सिंह को फाँसी कहाँ और कब दी गई?

उत्तर	राजगुरू, सुखदेव और भगत सिंह को फाँसी लाहौर के केंद्रीय कारागार में 23 मार्च 1931 की रक्तिम दोपहरी में दी गई।

छ.	भगत सिंह ने फाँसी से पूर्व क्या अंतिम इच्छा प्रकट की थी?

उत्तर	भगत सिंह ने फाँसी से पूर्व अंतिम इच्छा प्रकट की थी कि उनके हाथों में हथकड़ी न लगाई जाए और उनका चेहरा कंटोप से न ढँका जाए।

4.	मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न	क्रांतिकारियों के अनुसार क्रांति का वास्तविक अर्थ क्या है?

उत्तर	क्रांतिकारियों के अनुसार क्रांति का वास्तविक अर्थ किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी निकालना या व्यर्थ का खून–खराबा नहीं है। वह बमों और पिस्तौलों का धर्म न होकर अन्याय और अत्याचार पर टिकी तत्कालीन अंग्रेज सरकार को बदलने, गरीबों और मजदूरों का शोषण रोकने, पूँजीवादी और साम्राज्यवादी व्यवस्था को नष्ट करने तथा देश को अपने त्याग और बलिदान से स्वतंत्र कराने का सत्प्रयास है।

5.	सही विकल्प के सामने शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए :–

क.	फाँसी से पहले भगत सिंह को गुरूवाणी पढ़ने के लिए किसने कहा?

राजगुरू ने	चतुर सिंह ने	मजिस्ट्रेट ने

उत्तर	चतुर सिंह ने

ख.	किस अंगेज अधिकारी ने लाला लाजपत राय पर लाठियाँ बरसाईं?

साइमन	वारेन हेस्टिंग्स	सांडर्स

उत्तर	सांडर्स

ग.	बैरक में भगत सिंह किसकी जीवनी पढ़ने में व्यस्त थे?

लेनिन	कार्ल मार्क्स	नेपोलियन

उत्तर	लेनिन

6.	रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। रिक्त स्थानों में निम्नलिखित शब्द भरें।

क.	सेवक	ख.	सरकार	ग.	बमों
घ.	अधिकार	ङ	स्वतंत्रता	च.	कायर और खुदगर्ज